**दिनांक 28.08.2025 को अपराह्न 04.00 बजे अपर मुख्य सचिव महोदय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार की अध्यक्षता में ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थितिः–1. श्री दीपक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
2. श्री निर्मल कुमार, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
3. श्री मनोज कुमार, विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
4. श्री सुलतान अहमद, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग
5. श्री संजय कुमार, संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
6. श्री कुमार राजीव रंजन, नोडल पदाधिकारी, PMGSY
7. श्री सतीश चन्द्र, नोडल पदाधिकारी, MMGSUY
8. श्री बरूण कुमार, नोडल पदाधिकारी, MGSY
9. श्री अजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी, MMGSY

**बैठक के मुख्य बिन्दु :–**

अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में निर्णय लिया गया :–

1. ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम योजनान्तर्गत कुल 704 आवंटित पैकेजों में कुल 617 पैकेजों का एकरारनामा किया जा चुका है जिसमें से कुल 383 पैकेजों मे भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) अन्तर्गत कुल 448 आवंटित पैकेजों में कुल 215 पैकेजों का एकरारनामा किया जा चुका है जिसमें से कुल 104 पैकेजों मे भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत कुल 315 आवंटित पैकेजों में कुल 185 पैकेजों का एकरारनामा किया जा चुका है जिसमें से कुल 19 पैकेजों मे भुगतान किया गया है। ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम योजनान्तर्ग आवंटित पथों को जल्द से जल्द Potless करने का निदेश दिया गया।

   (अनुपालन–सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग)

2. सभी अधीक्षण अभियंता को निदेश दिया गया कि सभी योजनाओं का एकरारनामा सुनिश्चित कराते हुए कार्य प्रारंभ किया जाय एवं एकरारनामा को MIS पर अपलोड करते हुए अपने प्रतिवेदन को विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। जो भी संवेदक द्वारा एकरारनामा / कार्य करने में उदासीनता दिखायी जा रही है, उनपर CMBD एवं बिहार ठेकेदार निबंधन नियमवाली, 2007 की सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में कार्रवाई की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाय।

   (अनुपालन– सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग)

3. विभिन्न योजनान्तर्गत सभी क्रियान्वित पथों को तकनीकी पर्यवेक्षक / कनीय अभियंता / सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता के बीच में आंवटित किया जाये। प्रत्येक सप्ताह सभी आवंटित पथों का निरीक्षण Field Inspection Application के माध्यम से करने का निदेश दिया गया। Application का Demo शीघ्र देना सुनिश्चित करें।

   (अनुपालन–अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग)

4. सभी योजनाएं जिनका LOA निर्गत हो चुका है उनमें कार्य स्थल पर Main Informatory Board एवं Citizen Information Board एक सप्ताह के अंदर लगाना सुनिश्चित करें एवं इसका Geo-Tagged फोटोग्राफ MIS पर अपलोड किया जाय।

(अनुपालन– सभी कार्यपलाक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग)

5. मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के स्तर पर मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) अन्तर्गत लंबित निविदाओं का Review करना सुनिश्चित करेंगे ताकि निविदाओं का निष्पादन ससमय किया जा सके।

(अनुपालन– अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/ अभियंता प्रमुख/नोडल पदाधिकारी, MMGSY/सभी मुख्य अभियंता/ सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, ग्रामीण कार्य विभाग)

6 वित्तीय बीड खुलने के उपरांत संबंधित कार्यपालक अभियंता को ई–मेल के माध्यम से सूचित किया जाय एवं 48 घण्टे के अन्दर सक्षम प्राधिकार कार्यादेश निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन–अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/ अभियंता प्रमुख/नोडल पदाधिकारी, MMGSY/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

7. कार्य अंचल, किशनगंज द्वारा ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम योजनान्तर्गत कराये गये कार्य में हर कार्य प्रमंडल से Random 10% का भौतिक सत्यापन Flying Squad के द्वारा कराया जाय।

(अनुपालन–अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग)

29/8/2025

**(दीपक कुमार सिंह)**
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः– मु०अ०–4 (मु०) विविध (कार्य)–06–153/2025-4793 /पटना, दिनांकः– 01/09/2025

प्रतिलिपिः सभी विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिक/सभी नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, ग्रामीण कार्य विभाग एवं सभी कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8/2025

अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः– मु०अ०–4 (मु०) विविध (कार्य)–06–153/2025-4793 /पटना, दिनांकः– 01/09/2025

प्रतिलिपिः– आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

29/8/25

अपर मुख्य सचिव